पंजाब केसरी 05/03/2024

काव्य प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज की बी.ए. द्वितीय वर्ष की आक्षी प्रथम



छात्रा आक्षी को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 4 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आक्षी ने कालेज और विभाग को राज्यस्तरीय काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है।

हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने बताया कि आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद मारकंडा में आयोजित इस प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज की छात्रा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागी का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने हिन्दी विभाग को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। इसी श्रृंखला में विभाग के सभी प्राध्यापकों ने छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि भविष्य में हमारे विद्यार्थी और अधिक कीर्तिमान स्थापित करेंगे।